# रामलला के चरणों में 30 साल बाद मौन व्रत तोड़ेंगी धनबाद की शबरी

**धनबाद के करमटांड़ में रहती हैं 85 वर्षीया सरस्वती अग्रवाल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद शबरी की आस्था प्रभु श्रीराम को उनकी कुटिया तक ले आयी। ऐसी ही आस्था धनबाद के करमटांड़ निवासी 85 वर्षीय सरस्वती अग्रवाल की है। जिन्होंने 30 साल पहले अयोध्या में राम मंदिर बनने का संकल्प लेकर मौन व्रत शुरू किया। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन राम, सीताराम शब्द से इनका मौन व्रत टूटेगा। प्रभु राम के चरणों में अपना जीवन समर्पित करनेवाली सरस्वती अग्रवाल का अधिकतर समय अयोध्या में ही बीतता है। वे बेहद खुश हैं और लिख कर बताती हैं, मेरा जीवन धन्य हो गया। रामलला ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए बुलाया है। मेरी तपस्या, साधना सफल हुई। 30 साल के बाद मेरा मौन राम नाम के साथ टूटेगा। बता दें कि दिसंबर 2021 के अंतिम सप्ताह में ही सरस्वती अग्रवाल को श्रीराम मंदिर, अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण आया है। निमंत्रण मिलने से इनका पूरा परिवार खुश है। आठ जनवरी को इनके भाई इन्हें अयोध्या लेकर जायेंगे। परिवार के किसी अन्य सदस्य को समारोह में शामिल होने की अनुमति नहीं है। राम जन्मभूमि न्यास और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख महंत नृत्य गोपाल दास के शिष्य मनीष दास व शशि दास अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर सरस्वती अग्रवाल की अगवानी करेंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन तोड़ेंगी मौन व्रत

रेलवे स्टेशन से वे सीधे स्वामी जी के आश्रम पत्थर मंदिर छोटी छावनी जायेंगी। वहां इनके लिए कमरा बना हुआ है, जहां ये चार महीने रहेंगी। सरस्वती अग्रवाल मई 1992 में अयोध्या गयी थीं। वहां ये राम जन्म भूमि न्यास के प्रमुख महंत नृत्य गोपाल दास से मिलीं। उन्होंने इन्हें कामतानाथ पहाड़ की परिक्रमा करने का आदेश दिया। आदेश मिलने के बाद ये चित्रकूट चली गयीं। साढ़े सात महीने कल्पवास में एक गिलास दूध पीकर रहीं। साथ ही रोजाना कामतानाथ पहाड़ की 14 किमी की परिक्रमा की। परिक्रमा के बाद अयोध्या लौटीं। स्वामी नृत्य गोपाल दास की प्रेरणा से मौन धारण किया। संकल्प लिया कि जिस दिन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी, उसी दिन मौन तोड़ेंगी।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : आजसू कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया के ग्राम टीकाहारा में आयोजित बैठक के दौरान माननीय मंत्री ;दर्जा प्राप्तद्ध योगेन्द्र प्रसाद महतो के समक्ष आजसू के सुंदरलाल हांसदा व रामप्रसाद मांझी ने झामुमो का दामन थाम लिया। दोनों ने कहा कि आजसू पार्टी सब्जबाग पार्टी है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही राज्य का और माननीय मंत्री योगेंद्र महतो जी के नेतृत्व में गोमिया का विकास हो सकता है। माननीय मंत्री महतो ने दोनों का झामुमो परिवार में स्वागत किया और पार्टी की नीतियों तथा सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने की अपील की।

### भूली से 30 टन अवैध कोयला जप्त

**धनबाद।** भूली ओपी अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को सीआईएसएफ और भूली पुलिस के द्वारा भूली ए ब्लॉक में अवैध कोयले की छापामारी की गई। बताते चलें कि धनबाद में अवैध कोयले छापेमारी नए एसएसपी आने के बाद लगातार जारी है। नए वरीय पुलिस अधीक्षक के आने के बाद अवैध कोयला कारोबार में हड़कंप मचा हुआ है और जिले की पुलिस अलर्ट हो गई है। धनबाद के भूली क्षेत्र में बीसीसीएल के जमीन पर अवैध रूप से कोयले का डंप किया गया था भूली थाना प्रभारी ने मोबाइल पर बात करते बताए कि बीसीसीएल के जमीन पर लगभग 30 टन कोयले जप्त किया गया है। किसी के नाम सामने नहीं आ रही है किसी पर एफआईआर नहीं की गई है। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा डंप किया गया था फिलहाल जांच पड़ताल जारी है।

### पत्थर से कूचकर अज्ञात युवक की हत्या

**धनबाद।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दामोदरपुर के सोम नगर के समीप खेत में एक युवक का शव सोमवार की सुबह देखा गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। शव को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि पत्थर से कुचलकर युवक की गई है। खबर लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।

### अवैध शराब बेचने वालों पर औचक छापेमारी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा पुलिस द्वारा क्षेत्र के विभिन्न जगहों में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब बेचने वाले लोगों पर खिलाफ औचक छापेमारी अभियान चलाया गया ।छापेमारी अभियान में अवैध महुआ से शराब बनाने वाले तथा अवैध शराब बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई व अवैध महुआ शराब को नष्ट किया गया। इसकि जानकारी देते हुए चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उड़िया धौड़ा व कुमारधुबी स्टेशन के समीप मुंडा धौड़ा में शाम होते ही अवैध महुआ शराब का धंधा प्रारंभ हो जाता है और सैकड़ो लीटर शराब की बिक्री की जाती है इसको लेकर थाना प्रभारी सिंह नेतृत्व में दलबल के साथ रात्रि में दोनों जगह पर छापेमारी की गई तथा सैकडो लीटर शराब को नष्ट किया गया। उन्होने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## कतरास : नाली निर्माण में गड़बड़ी की जांच करने पहुंचे जेई

**खबर छपने पर हुई कार्रवाई**

**कतरास।** धनबाद नगर निगम वार्ड संख्या तीन में हो रहे नाली निर्माण में गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को हंगामा किया था। खबर मंत्र अखबार में प्रमुखता से छापी गई थी जिसकी खबर हिंदी दैनिक खबर मन्त्र अखबार में प्रमुखता से छापी गई थी। खबर छपने के बाद सोमवार को धनबाद नगर निगम के जेई दीपक कुमार जांच के लिए पहुंचे। निगम के जेई दीपक कुमार ने बताया कि नाली निर्माण में लेवल में गड़बड़ी थी। जिसे ठीक करने के लिए संवेदक को बोल दिया गया है। बताते चले कि रविवार को नाली निर्माण में हो रही गड़बड़ी को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया था।

## अयोध्या से पहुंचे अक्षत के कलश के साथ शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** अंगवाली खंड के चलकरी उत्तरी पंचायत के अनुपम हनुमान मंदिर से सैकड़ों सनातन प्रेमियों ने सोमवार को अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश के साथ भव्य शोभा यात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण करते हुए सभी मंदिरों में पूजा.अर्चना की। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के गर्भ गृह में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र जी के प्राण प्रतिष्ठा घर.घर अक्षत व पत्रक देकर निमंत्रण दिया। साथ ही लोगों को उस दिन अपने.अपने घरों में दीपोत्सव मनाने का आह्वान किये। मौके पर भाजपा नेता मनोहर नायकए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंगवाली खंड कार्यवाह विकाश शर्माए पुरोहित गोवर्धन बनर्जीए किशन बनर्जीए विक्की बनर्जीए राजेन्द्र ठाकुरए बिजय नायकए उमेश नायकए रामबिलास मंडलए रूद्रेश्वर शर्माए दिनेश नायकए रामदेव केवटए अशोक ठाकुरए आनन्द रजकए तारा देवीए पद्मा देवी सहित सैकड़ों की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।



### अक्षत और आमंत्रण पत्र का वितरण

बेरमो। सोमवार को महावीर मंदिर फुसरो बाजार से अयोध्या से आए हुवे पूजित अक्षत पत्रक को आज फुसरो बाजार वार्ड 22 के हर घरों में जाकर देकर अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया गया एवं सभी से 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर उद्घाटन एवम प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों में उत्सव मनाने दीप जलाने आग्रह किया गया जिसमे काफी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्य रूप से डा उषा सिंह भरत वर्मा अनिल गुप्ता वैभव चौरसिया दिनेश सिंह रुपेश वर्मा अशोक पांडे धीरज पाण्डे विक्की यादव यीशु सिंह वीरेंद्र प्रजापति आदित्य रवानी सुन्नी कुमार सिंधु देवी पुस्पा देवी मालती देवी शामिल हुई।

## स्वामी सहजानंद समाज की बैठक में समाज के सशक्तिकरण पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज चास नगर की बैठक अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता और कौशल किशोर के संचालन में जगदंबा मंदिर धर्मशाला मोड़ चास में संपन्न हुई। बैठक में नववर्ष 2024 की मंगल कामना के साथ समाज के सशक्तिकरण और विकास के लिए गहन रूप से विचार विमर्श किया गया। बैठक में केंद्रीय कमेटी के महासचिव उमाशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारा समाज हर दृष्टिकोण से उन्नत एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमें समाज को एकत्रित कर उनके सशक्तिकरण पर कार्य करने की आवश्यकता है। समाज के वरिष्ठ सदस्य मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि समाज के उत्थान में सामाजिक आर्थिक सहित राजनीतिक प्रभाव का रहना भी अति आवश्यक है। बैठक में आगामी 11 फरवरी को स्वामी सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय चास के प्रांगण में चास शाखा का पारिवारिक मिलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कौशल किशोर राकेश कुमार मधु सुबोध कुमार सिंह राजनीति सिंह अभय कुमार मुन्ना नीरज सिंह काशीनाथ सिंह सुधीर सिंह रामप्रवेश सिंह जयशंकर कुमार राम कुमार सिंह समरेश चौधरी गौतम शर्मा शैलेंद्र सिंह प्रेम राय राहुल कुमार चितरंजन शर्मा अजय शर्माए सुनील कुमार आरडी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नीतीश कुमार के कार्यक्रम को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक में चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जदयू के कार्यकर्ताओं की सेक्टर 12 स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी के संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी अशोक चौधरी ने कहा कि जाति आधारित गणना हमारी पार्टी की प्राथमिकता है, जिसपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हामी भरी है। श्री चौधरी ने कहा कि 21 जनवरी को रामगढ़ में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन के सूत्रधार हैं। इसे लेकर 10 जनवरी को बोकारो के सर्किट हाउस, 11 जनवरी को जदयू कार्यालय तथा 13 जनवरी से 18 जनवरी तक बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत का भ्रमण कर वहां से कार्यकर्ताओं को रामगढ़ की सभा में शामिल होने के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया।



### बैठक में ये लोग थे शामिल

बैठक में डॉक्टर के कुमार नेपाल महतो सुभाष महतो मोहम्मद सुल्तान कुंदन खान प्रवीण कुमार राजकिशोर सिंह अशोक राय पानू महतो कन्हाई महतो बाल्मीकि सिंह सतनारायण प्रसाद अनुज कुमार युधिष्ठिर सिंह संजय बावरी राजू कुमार महिला जदयू जिलाध्यक्ष अनीता सिंह महेंद्र प्रसाद महेंद्र गोप बलदेव रजवार कर्म चांद महतो चक्रधर महतो माखन श्रीकांत शर्मा बालेश्वर प्रसाद जैनेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### आनंद मार्ग ने गरीबों को वितरित किया कंबल



**बोकारो।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में आनंद मार्ग जागृति प्रभात कॉलोनी चास में जरूरतमंदों के बीच डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के स्टेशन प्रबंधक एके हलदर ने कहा कि मानव का सेवा ही ईश्वर की सेवा है। सेवा का अवसर बहुत ही भाग्य से मिलता है। मौके पर आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत राम गोविंद जी रविंद्र कुमार कृष्ण कुमार पाठक दीपांकर गोराई रघुनंदन प्रसाद अरुण प्रसाद सरिता देवी बबीता पाठक रंजना देवी मधु यादव कृष्णा चौधरी अनिल कुमार युगो बाबू दीप सिंह महेश बाउरी आदि सक्रिय रहे । इस मौके पर शंख ध्वनि के साथ कीर्तन पश्चात भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी के प्रतिकृति पर पुष्प अर्पण किया गया। संघ के आचार्य रविंद्रनाथ अवधूत ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### विश्वकर्मा समाज का वार्षिक मिलन समारोह



**बोकारो।** विश्वकर्मा समाज के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक मिलन समारोह में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें समाज के बच्चों ने भाग लिया और उसके पश्चात उन बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही समाज के उन बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात क्विज प्रतियोगिता भी हुई। मुख्य अतिथि सिटी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ एस के शर्मा ने एक .दूसरे से परिचय प्राप्त किया और समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपने सुझाव दिये। कार्यक्रम में बृहस्पति शर्मा लालबाबू शर्मा राम सागर प्रसाद नुन्नूलाल विश्वकर्मा चंदन कुमार कैलाश शर्मा मनोज कुमार शर्मा रामनाथ शर्मा गुप्तेश्वर शर्मा रामानंद शर्मा सियालाल शर्मा आशुतोष कुमार संजय शर्मा प्रवीण कुमार रतनलाल विश्वकर्मा अरुण कुमार शर्मा लालबाबू शर्मा सहित समाज के और अन्य लोग उपस्थित थे।

### रोटरी मिडटाउन ने मनाया मिलन समारोह



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स क्लब द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में बच्चों ने नृत्य किया तो अन्य रोटेरियंस ने म्यूजिकल चेयर और तंबोला का आनंद लिया। सभी ने नए साल का स्वागत करते हुए सामाजिक कार्यों को गति देने की शपथ ली। अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा साल भर समाज कल्याण से जुड़े कार्यक्रम किए जाते हैं। किन्तु नववर्ष हमलोगों का पारिवारिक उत्सव कार्यक्रम है। मौके पर क्लब के सभी सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। पिकनिक का आयोजन कविता और विकास जैन ने किया। मौके पर सेक्रेटरी मिनी कपूर साजन कपूर अनूप सुभाष जैन उमेश जैन स्वाति जैन अलका दिव्या पुनीत जौहर मोनिका नैन्सी तनवीर खानुजा मोहित रंजन आदि उपस्थित रहे।

### हर्ल सिंदरी एचआर को कांग्रेस ने दी नववर्ष की बधाई

**सिंदरी।** कॉंग्रेस सेवादल सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने हर्ल एच आर संत सिंह को उनके कार्यालय में पुष्पगुच्छ देकर नववर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर्ल एच आर के आने से क्षेत्र में सीएसआर के कार्यों में बढ़ोतरी हुई है। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी सदस्य सियाकांत दुबे, झारखंड सेवा दल सचिव पूर्णेन्दु सिंह, नगर कांग्रेस महामंत्री सत्येंद्र सिंह, यंग ब्रिगेड महामंत्री संतोष सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी बनाना चाहती है संस्था : दीप नारायण सिंह

**तोपचांची।** सोमवार को हीरापुर स्तिथ यूथ फोर्स तोपचांची प्रखंड कार्यालय में फ्रेंड्स स्वंय सेवी संस्थान द्वारा संचालित नि :शुल्क सिलाई प्रशिक्षण में सफल छात्रो के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन उपस्थित अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित जदयू के प्रदेश महासचिव और यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीपनारायण सिंह ने उपस्थित छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि यूथ फोर्स एक सामाजिक जनसंगठन है , यूथ फोर्स का गठन ही छात्र - नौजवान , मजदूर - किसान , महिलाओं के उत्थान के लिए किया गया है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कोलयरियों में नहीं रुक रहा चोरों का आतंक, प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ गोलबंद हुए मजदूर

**बीसीकेयू के बैनर तले मजदूरों ने किया ओपी का घेराव**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** ईसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत कोलयरियों में चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पहले तो चोर रात के अंधेरे में चोरी की घटना को अंजाम दिया करते थे। लेकिन अब चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि चोर बिना किसी खौफ दिन के उजाले में कोलयरियों में अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इन्हीं सब घटनाओं से त्रस्त होकर मजदूर और स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार को गल्फरबाड़ी ओपी का घेराव करते हुए उसके मुख्य गेट के सामने प्रदर्शन किया। नेतृत्व कर रहे जिप सदस्य बादल बाउरी ने बताया कि पिछले कई महीनों से ईसीएल मुगमा एरिया की विभिन्न कोलयरियों में चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इतना ही नहीं चोरी की घटना को अंजाम देने आए चोर बम और गोली चलाने से भी परहेज नहीं करते। ऐसी ही एक घटना में एक माह पूर्व चापापुर कोलयरी में गोली लगने से एक युवक की जान चली गई थी। इसके बाद भी प्रबंधन और प्रशासन गंभीर नहीं हुए। पिछले 20 - 25 दिनों से राजपुरा कोलयरी में भी अज्ञात चोरों द्वारा कभी केबल चोरी,कभी पंप चोरी आदि घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है और इसके साथ साथ बम भी फेंके जा रहे हैं। इन घटनाओं के बाद मजदूरों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कई बार प्रबंधन और प्रशासन से शिकायत की गई है लेकिन आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। बाध्य होकर आज ओपी का घेराव किया गया और ओपी प्रभारी को लिखित आवेदन दिया गया। ओपी प्रभारी ने आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बादल बाउरी ने कहा कि अगर इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होती है तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेवारी ईसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की होगी।

### दो दिवसीय वार्षिक श्याम महोत्सव का समापन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा तालडांगा फाटक के समीप स्थित पुराना एफसीआई गोदाम में तीन बाणधारी भक्त मंडल चिरकुंडा द्वारा आयोजित 15 वां दो दिवसीय वार्षिक श्याम महोत्सव का समापन भजन संध्या के साथ संपन्न हुआ ।मेरठ से आए भजन गायक कुमार संजय व कोलकत्ता से आए शिल्पी वर्मा ने अपनी भजन से श्रद्धालुओं को रात भर झुमाते रहे। सर्वप्रथम कलयुग के अवतार खाटू श्याम बाबा का आलौकिक श्रृंगार किया गया व ज्योत जलाई गई साथ ही श्याम बाबा को छप्पन भोग लगाया गया।

### बोकारो में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**बोकारो।** धर्म जन जागरण समिति द्वारा बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 9 स्थित वैशाली मोड़ मैदान में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजित कलश यात्रा में श्रद्धालु महिलाएं यजमान योगेंद्र कुमार शालिनी कुमारी शामिल हुए। कलश यात्रा में अतिथि के रूप में बोकारो फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष नीना नारायण शामिल हुईं।

## पंस सदस्य सुशीला देवी ने थामा झामुमो का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड दौरे के क्रम में माननीय मंत्री;दर्जा प्राप्तद्धयोगेंद्र प्रसाद महतो के समक्ष सोमवार को पलिहारी गुरूडीह केकई लोगों ने झामुमो का दामन थामा। प्रखंड उपाणअमित कुमार पासवान के आवासीय परिसर में मंत्री जीके समक्ष पलिहारी गुरुडीह की पंसस सुशीला देवी नरेश साहूएसुभाष कुमारएरोहित रविदासएश्रवण कुमारए वार्ड सदस्य एवं डीलर प्रकाश गंझूए आनंद नायक और गोमिया के बिंदेश्वर यादव ने आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। इन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही राज्य विकास के पथ पर अग्रसर है ।इसी प्रकार माननीय मंत्री श्री महतो गोमिया विधानसभा क्षेत्र के जनता की समस्याओं के समाधान को दिन रात जुटे रहते हैं ।सहजता से हर परिस्थिति में उपलब्ध रहते हैं। इस दौरान माननीय मंत्री जी ने सभी का झामुमो परिवार में स्वागत किया। उन्होंने सभी से झामुमो पार्टी की नीतियों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जन जन तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर दर्जनों लोग थे।

# धनबाद : गोल्फ ग्राउंड में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बच्चे निकालेंगे प्रभात फेरी, विभागों द्वारा निकाली जाएगी झांकी**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मुख्य समारोह पूर्व की भांति गोल्फ ग्राउंड में आयोजित होगा। जिसमें परेड और भव्य झांकी की व्यवस्था होगी। उन्होंने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिए। सभी विभागों को झांकी में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को परदर्शित करने को कहा। परेड की सारी व्यवस्था वरीय पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में किया जाएगा।



### 20 से शुरू होगा परेड का पूर्वाभ्यास

परेड का पूर्वाभ्यास 20 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जाएगा। परेड में कोलफील्ड स्कूल की बैंड पार्टी भाग लेंगे। परेड समारोह में डीएपी के 2 प्लाटुन, जैप का एक प्लाटुन, एनसीसी का एक प्लाटुन, आरपीएसएफ का एक प्लाटुन, भारतीय स्काउट एवं गाइड का एक प्लाटुन, सीआईएसफ धनबाद के दो प्लाटुन, सीआरपीएफ का एक प्लाटुन और होमगार्ड का एक प्लाटुन शामिल होंगे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह स्थल पर परेड पुरस्कार/ मेधावी छात्रों/ खेल/ सांस्कृतिक/ कला/ अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मेडल/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस बाबत सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी/संबंधित विभाग के पदाधिकारी आदि को सूची तैयार कर कमेटी को समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के मौके पर संध्या को जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

### इन विभागों द्वारा निकाली जाएंगी झांकी

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को केंद्रीत करते हुए झांकियां निकालने की तैयारी का निर्णय लिया गया। जिसमें कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उत्पाद विभाग, टाटा स्टील जामाडोबा, बीसीसीएल, जिला शिक्षा अधीक्षक सर्व शिक्षा अभियान, वन विभाग, अग्निशामक विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, डीआरडीए, आईसीडीएस, जनसंपर्क विभाग, आपूर्ति विभाग, गव्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, धनबाद नगर निगम, जेएसएलपीएस द्वारा झांकी निकाली जाएगी।

### पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेवारी

बैठक में मुख्य समारोह स्थल गोल्फ ग्राउंड की साफ सफाई, गमला एवं सौंदर्यीकरण, मुख्य समारोह स्थल की घेराबंदी, पंडाल एवं बैठने की व्यवस्था, पब्लिक संबोधन सिस्टम की व्यवस्था, झंडा/झंडोतोलन की तैयारी आदि को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को अलग - अलग जिम्मेवारी दी गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, प्रदीप कुमार, सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### 12 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार एक तस्कर भागने में रहा सफल



**चतरा।** हंटरगंज के वशिष्ठ नगर पुलिस के द्वारा गांजा तस्करों के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में 12 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दो वाहनों को भी पुलिस ने जप्त किया है। चतरा एसपी को गुप्त सूचना मिला था कि चतरा की तरफ से हंटरगंज की ओर दो वाहनों से भारी मात्रा में गांजा तस्करी के ले ले जाया जा रहा है। एसपी से मिले निर्देश पर वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी परमानंद मेहरा के द्वारा एक टीम गठित कर वाहन चेकिंग लगाया गया। इस दौरान चतरा की ओर से आ रहे एक वैगनआर कार और स्विफ्ट कार चतरा की ओर से आते देखा गया। दोनों वाहन पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दोनों वाहनों का पीछा कर वशिष्ठ नगर थाना के समीप धर दबोचा। लेकिन एक कार में बैठा तस्कर भागने में सफल रहा। वहीं दूसरे कार्य में बैठे दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। कार की तलाशी में चार अलग-अलग बंडल में रैपर किया हुआ 12 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस अभी गिरफ्तार तस्करों के नाम का खुलासा नहीं कर रही है। मालूम हो कि गांजा तस्कर गांजा की खरीदारी उड़ीसा से कर उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे। इसी दौरान वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर दो कार, 12 किलो गांजा और दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।

### साहित्य सृजन मंच के द्वारा साहित्यिक मिलन का आयोजन



**चतरा।** साहित्य सृजन मंच चतरा झारखंड की ओर से साहित्यिक मिलन का आयोजन उंटा भेड़ी फार्म स्थित लक्ष्मणपुर डैम के पास किया गया। यह कार्यक्रम संस्थापक अध्यक्ष रवीन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में की गई। सरस्वती वंदना एवं राष्ट्र जागरण भजन के साथ कार्यकम की शुरूआत की गई। राष्ट्र जागरण भजन संस्था के सह सचिव सिद्धेश्वर सिंह के द्वारा किया गया। संस्था की ओर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का काव्य अधिवेशन मार्च 2024 जो इटखोरी मां भद्रकाली के क्षेत्र में होना सुनिश्चित है इस पर विस्तार से चर्चा की गई। साझा संकलन काव्य शतदल के प्रकाशन पर विचार की गई। आज के कार्यक्रम में सचिव रविकांत शुभम, मार्गदर्शक श्रीराम राय, सह सचिव सिद्धेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष विकाश चतुर्वेदी, साहित्य मंत्री सुशीला कुमारी, सक्रिय सदस्य प्रकाश राणा आदि ने अपने - अपने विचार दिए। साथ ही बैठक में समिति का नवीनीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार पर चर्चा परिचर्चा किया गया।

### अयोध्या से आए अक्षत कलश को लेकर निकली शोभा यात्रा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को होना है। इस बीच अयोध्या से आए अक्षत कलश' देश के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचाए जा रहे हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले देश भर में उत्सव का माहौल है। इस बीच 'अक्षत कलश' मरकच्चो प्रखंड के पंचायत नावाडीह 1 में सोमवार को पहुंचा। वहीं अयोध्या से आए ये 'अक्षत कलश' नावाडीह पंचायत के अलग-अलग गांवों में शोभा यात्रा के साथ निकला गया और सबको राम मंदिर दर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि द्वारा पूजित 'अक्षत कलश' नावाडीह पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। वहीं दुर्गा मंडप से कलश को नावाडीह 1 समेत अगल बगल के गांव के मंदिरों में पहुंचाया गया, जहां पंडितो द्वारा पूजा अर्चन कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं पंडित श्रीकांत पांडेय ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा का अंत आ रहा है, अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है। अब इससे बड़ी खुशी हिन्दुओं के लिए और क्या हो सकती है।

# 6 एकड़ में लगे पोस्ता खेती को किया गया नष्ट

## पुलिस प्रशासन और वन विभाग ने चलाया संयुक्त अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** अफीम उन्मूलन अभियान के तहत वन विभाग और वशिष्टनगर पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। वनपाल पवन कुमार के नेतृत्व में हंटरगंज के सरदम और फुलवरिया के सुरक्षित वन क्षेत्र और गैर वन भूमि जंगल में लगे 6 एकड़ में पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। पोस्ता खेती किए जाने की जिसकी सूचना मिलने के बाद वनपाल के द्वारा यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पोस्ता की खेती को नष्ट करने के लिए दो ट्रैक्टर लगाया गया था। ट्रैक्टर से पोस्ता की



खेती को जोताई कर नष्ट किया गया। अभियान की भनक लग जाने के कारण पोस्ता खेती करने वाले लोग फरार हो गए। वनपाल पवन कुमार ने बताया कि अफीम की खेती करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। साथ ही इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय लोगों से पोस्ता खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। समाज और स्वास्थ्य के लिए जहर का काम कर रहे इस अवैध खेती से दूर रहने की नसीहत भी दी गई। साथ ही इस तरह के खेती किए जाने की सूचना पुलिस और वन विभाग को देने की अपील लोगो से किया गया। अभियान में वनरक्षी कपिलदेव कुमार मेहता, राजीव रंजन, सुबोध कुमार सोनी सहित वनकर्मी और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# पूजित अक्षत एवं पत्रक का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक डॉ. नीरा यादव ने अपने कार्यकर्ताओं एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के साथ कोडरमा नगर में भ्रमण कर अयोध्या नगरी से आया पूजित अक्षत का सम्मान के साथ लोगों में वितरण किया।



उन्होंने लोगों के साथ भगवान श्री राम का भजन गाते एवं जय श्री राम का जयघोष करते हुए एक-एक दुकान एवं घरों में जाकर महिला एवं पुरुषों को अक्षत सह नवनिर्मित रामलला मंदिर से सम्बन्धित विशेष जानकारी हेतू पत्रक भी दिया और लोगों से आग्रह किया कि श्री राम लला का प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को होने जा रहा है, इस अवसर पर अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होने वाला है। वहीं डॉ.नीरा यादव ने प्रेरित करते हुए कहा कि आप भी प्राण प्रतिष्ठा के 11 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित कर भजन कीर्तन करें। टेलीविजन अथवा कोई एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाएं। उन्होंने कहा कि शंख ध्वनि, घंटा नाद, आरती करें, प्रसाद वितरण करें, प्राण प्रतिष्ठा के सायं काल एवं सूर्यास्त के बाद अपने-अपने घरों अथवा मंदिरों में देवी-देवताओं की प्रसन्नता के लिए श्री राम ज्योति जलाएं अथवा दीपक जलाएं और दिवाली मनाएं तथा प्रभु श्री रामलला एवं नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु अपने समय अनुकूल अयोध्या में परिवार सहित पधारें। साथ ही अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अवस्थित सरकार द्वारा व्यवस्था विवरण का पत्रक भी लोगों को बांटा। मौके पर अभिनव आशीष, आरके. बसंत, देवेंद्र कुमार, संजीव यादव, नरेंद्र पाल, बिनोद कुमार मुन्ना, दिनेश सिंह, प्रवीण पाण्डेय, महेश यादव, अजय पांडे, चन्दन बर्णवाल, राजू सिंह, विजय सिंह, सौरभ कुमार, पिंटू श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर राजद ने जताया आभार

**कोडरमा।** राजद के वनभोज सह सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर राजद पार्टी ने आभार जताया है। चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने इंदरवा मैदान में ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी जनता और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राजद के प्रति कोडरमा की जनता के अटूट विश्वाश का प्रतिफल रहा कि रिकॉर्ड तोड़ जनता मालिक आशीर्वाद देने कार्यक्रम में पहुंची। वहीं उन्होंने कहा कि उनका सौभाग्य है कि कोडरमा के जनता मालिकों की सेवा और सम्मान करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कार्यक्रम की ऐतिहासिक और कोडरमा के राजनीति में टर्निंग पॉइंट करार दिया। उन्होंने राजद के ऊर्जावान और समर्पित पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और पंचायत से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है। वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामान यादव ने भी पार्टी के ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग देने वाले लोगों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया है।

### अनियमितता को लेकर जिप सदस्य ने जतायी नाराजगी

**सतगावां (कोडरमा)।** जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां के माोपुर पंचायत के ग्राम माोपुर में ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल के द्वारा स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण लगभग पंचानबे लाख की लागत से संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। जहां संवेदक मनमानी कर घटिया सामग्री लगाकर निर्माण कार्य कर रहा है, इसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी तथा प्रखंड प्रमुख ललिता देवी से किये।

### अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार, मोटरसाईकिल जप्त

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झारखंड बिहार सीमा दर्शन नाला बैरियर के पास थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में चेकिंग के क्रम में एक बाइक से इम्पेरियर ब्लू के 750 उसके 24 बोतल अवैा शराब के साथ दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसमें 19 वर्षीय सौरभ कुमार पिता करमचारी प्रसाद तथा 20 वर्षीय राहुल कुमार पिता सुरेंद्र प्रसाद यादव दोनों पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिला अंतर्गत गोविंदपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी है। मोटरसाईकिल संख्या बीआर27ए/ 4476 को जप्त कर थाना लाया गया।

## उपायुक्त ने विभिन्न विभागों की बैठक कर दिए कई दिशा निर्देश

# सदर अस्पताल समेत सभी सीएचसी में ओपीडी की संख्या बढ़ाएं, संस्थागत प्रसव में लाएं सुधार : डीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण और फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के निबन्धन से सम्बंधित जानकारी लेते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को गर्भवती महिलाओं का निबंधन सुनिश्चित करने तथा प्रथम एएनसी से लेकर अंतिम एएनसी तक महिलाओं का स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावे जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव में कमी पाई गई वहां जल्द से जल्द संस्थागत प्रसव में सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए डीसी ने प्रखंडों के बीडीओ को प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग के साथ बैठक कर लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण कार्यक्रम को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने बीडीओ और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस के कार्यों का निरीक्षण करने, टीकाकरण कार्यक्रम चलाकर छूटे हुए लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्कूलों में नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने, सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी बढ़ाने आदि का निर्देश दिया। वहीं मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले एमडीए कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाएं। अभियान के दौरान योग्य लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा और कृमि नाशक दवा खिलाना सुनिश्चित करें। वहीं समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योग्य लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दें। पिछले एक वर्ष में जिन लड़कियों का विवाह हो चुका है, उनका विवाह प्रमाण-पत्र बनवाते हुए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दें। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर सभी सीडीपीओ को कार्यों में तेजी लाने और सभी योग्य छात्राओं को योजना का लाभ देते हुए जिला में एक सर्टिफिकेट दें कि सम्बंधित परियोजना में कोई भी बच्ची योजना के लाभ से वंचित नही है। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में टेक होम राशन का वितरण करने आदि का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### 11 मुस्लिम कन्याओं का निकाह कराएगा कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी



बैठक करते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था की ओर से आगामी सात फरवरी को 11 मुस्लिम कन्याओं की सामूहिक विवाह करने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में गया जिला के संरक्षक मौलाना उमर नूरानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि संस्था अपने उद्देश्यों को लेकर लगातार जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। गत छह दिसंबर को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह करने का जो संस्था के द्वारा बीड़ा उठाया गया था। वह सभी के सहयोग से सफल रहा। इसी को देखते हुए संस्था की ओर से आगामी सात फरवरी को छतरपुर, झलुआ गांव स्थित कन्याओ का सामूहिक निकाह करने के लिए संस्था बीड़ा उठाई है। जो संस्था के द्वारा धूमधाम से निकाह कराते हुए विदाई स्वरूप सामग्री देकर विदा कराया जाएगा। संस्था के संरक्षक उमर नूरानी ने कहा कि संस्था के लगातार बाल विवाह दहेज प्रथा भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियां बंद करने के लिए संस्था लगातार जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में संस्था का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में बगदाद शरीफ के अली इवे हमूद अलअरबी शामिल रहेंगे।

### कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 18 छात्रों को मिला नियुक्ति पत्र



नियुक्ति पत्र देते डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 18 छात्रों को महाराष्ट्र के सोलापुर मे नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा डीडीसी राजेश कुमार राय, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, प्राचार्य बृजकिशोर, मिथिलेश दुबे ने नियुक्ति पत्र दिया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि डीडीसी ने कल्याण गुरुकुल परिसर में पौधा रोपण किया।

मौके पर डीडीसी ने कहा कि गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हो गई है।

कहा कि सरकार का यह लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो मे रहने वाले युवा वर्ग जो कम पढ़े लिखे है उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है, प्रशिक्षण लेंगे तभी रोजगार का सृजन हो पाएगा।

### नया सवेरा नया उजाला (सीजन 2) बैडमिंटन टूनार्मेंट का आगाज



उद्घाटन करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसबीआई शाखा के निकट गढ़ प्रांगण में युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी के द्वारा आयोजित बैडमिंटन टूनार्मेंट नया सवेरा नया उजाला (सीजन 2) का उद्घाटन जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश कुमार मुर्मू, अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता, आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय, राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास एवं निरज कमलापुरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फिता काटकर किया। इससे पहले मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य लोगों को बुके देकर एवं माला पहनकर सम्मानित किया। उद्घाटन मैच गढ़वा बनाम मझिआंव के प्रतिभागियों के बीच शुरू किया गया। जिसमें गढ़वा के टीम को पराजित कर मझिआंव की टीम ने 2-1 से मैच जीत लिया। मुख्य अतिथियों ने विजेता टीम को मैन ऑफ द मैच कप के साथ सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अलखनाथ पांडेय ने कहा कि खेल में भी कैरियर बनाने की काफी संभावना रहती है। जिला में इस खेल में भी इतने अधिक प्रतिभा खिलाड़ी हैं। जिन्हें इस टूनार्मेंट से निखरने का मौका मिलेगा। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि सरकार खेल, कूद की गतिविधियों के प्रति केंद्र और राज्य सरकार का सकारात्मक रूख है और साथ ही खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। मौके पर वहीं सीओ, युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी ने भी विचार व्यक्त किया। बताते चले की फाइनल मैच में विजेता टीम को 5100 रुपए नगद के साथ विजेता ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 2500 रुपए के साथ ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। बैडमिंटन टूनार्मेंट प्रतियोगिता में 16 टीम के प्रतिभागियों ने भाग लिया है। मैच में पूर्व के अनुभवी खिलाड़ी तथा जिला शिक्षक संघ के विजेता खिलाड़ी के रूप में मुख्य अंपायर रिंकू तिवारी एवं चंदन कमलापुरी का भूमिका सराहनीय रहा। जबकि लाइनमैन की भूमिका पप्पू खलीफा एवं रमेश जायसवाल ने निभाई। वहीं मंच का संचालन अशोक कमलापुरी के द्वारा किया गया। मौके पर सूरज जायसवाल, नीरज कमलापुरी, मुकेश जायसवाल, गणेश जायसवाल, धर्मेंद्र पांडेय, शिवप्रसाद प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

## जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना एवं अन्य विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, रूबर्न मिशन योजना इत्यादि की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवंधन योजना समेत अन्य विकास योजनाओं कि प्रखण्डवार समीक्षा की गई। उन्होने कहा राज्य सरकार, केन्द्र सरकार व जिला प्रशासन के प्राथमिकता वाले योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत पूर्ण करें। वहीं विकास योजनाओं को लेकर कहा वैसी योजनाएं जो वन विभाग या भूमि के कारण लंबित है वैसी योजनाओं में संबंधित के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण कराएं और संबंधित को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें।

आगे उन्होने कहा जिले भर में सभी पात्र लाभूकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें काफी संख्या में आवास विहीन जिनको आवास की आवश्यकता है उनके द्वारा शिविर में आवेदन किया गया है। इन सभी लाभूकों का नियम संगत भौतिक सत्यापन एवं पात्रता का जांच करते हुए अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिन लाभूकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त



की राशि आवास बनाने के लिए दे दी गई है उन लाभूकों का आवास पूर्ण कराएं। वैसे लाभूक जिन्हे किश्त की राशि अभी तक नहीं दी गई है उसकी किस्त की राशि जल्द से जल्द देना सुनिश्चित करें। 15वें वित्त अंतर्गत जिला परिषद, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत एवं अन्य में प्राप्त आंवटन के विरूद्ध खर्च किए गए राशि की क्रमवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उन्होने कहा जिन पंचायत सचिवालय में पेयजल की समस्या है और वहां तक पहुंच पथ नहीं है उसका भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

आगे उन्होने कहा वर्तमान में 152 पंचायतों में प्रज्ञा केन्द्र का संचालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी कार्यालय प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा यह सुनिश्चित करें कि सभी पदाधिकारी/कर्मी शत प्रतिशत बायोमेट्रिक उपस्थित दर्ज करेंगे। चतरा जिला अंतर्गत योजनावार पेंशनधारियों का मासिक भुगतान से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होने कहा प्रत्येक माह सभी पेंशनधारियों का भुगतान हो और कहा वैसे पेंशनधारियों का भौतिक सत्यापन कराने को कहा गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कल्याण विभाग द्वारा जिन बच्चों का साइकिल की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा चुकी है उन बच्चों का साइकिल खरीदवाना सुनिश्चित करें। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के निर्माण हेतु कहा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संबंधित अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करें और बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के लक्ष्य को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं। बैठक के अंत में उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को संचालित योजनाओं को पूर्ण करने में आनेवाली कठिनाइयों को साझा करने से संबंधित आमंत्रित किया गया।

उन्होने कहा किसी भी परिस्थिति में जन कल्याणकारी योजनओं व विकास योजना लंबित न रहे सभी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण कराएं। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीन्द्र भगत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

